भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2940

जिसका उत्तर 05.08.2021 को दिया जाना है

आगरा में उत्तरी बाईपास

2940. श्री राजकुमार चाहरः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आगरा में प्रस्तावित उत्तरी बाईपास परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस बाईपास की अनुमानित लागत, संरेखण और लंबाई कितनी है और परियोनजा के शुरु होने और पूरा होने के लिए क्या समय सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) उक्त बाईपास को बनाने के पीछे क्या उद्देश्य है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) लगभग 14 किलोमीटर के उत्तरी आगरा बाईपास की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का काम शुरू किया गया है, जो एनएच -2 से शुरू होता है और यमुना एक्सप्रेसवे पर समाप्त होता है। इसे 523 करोड़ रु. की संभावित लागत से वर्ष 2021-22 में सौंपे जाने और वर्ष 2024-25 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 3क राजपत्र अधिसूचना भी 09.04.2021 को प्रकाशित की गई है। इस बाईपास की संकल्पना आगरा शहर और उसके आसपास जाम से राहत और सड़क संपर्कता को बेहतर बनाने के लिए की गई है।

*****